Roll No. ..................................

# DD–2330

## M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Tenth

(पत्रकारिता प्रशिक्षण)

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पत्रकारिता का अर्थ बताते हुए उसके विविध रूपों का परिचय दीजिए। 15

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

2. पत्रकारीय लेखन के विविध आयामों का परिचय दीजिए। 15

अथवा

समाचार संकलन के महत्व तथा संवाददाता की जागरूकता की विवेचना कीजिए।

3. रेडियो एवं टी. वी. पत्रकारिता की महत्ता एवं दोनों में प्रमुख अन्तर की चर्चा कीजिए। 15

अथवा

मुक्त प्रेस की अवधारणा एवं अपेक्षाओं की समीक्षा करते हुए मानवाधिकारों का परिचय भी दीजिए।

4. लोक-सम्पर्क एवं विज्ञापन की प्रविधि व महत्व पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

प्रमुख प्रेस-कानून तथा प्रेस आचार-संहिता का परिचय दीजिए।

5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर टिप्पणी रूप में दीजिए : प्रत्येक 4

(i) विश्व पत्रकारिता का आरम्भ।

(ii) समाचार शीर्षक लेखन।

(iii) समाचार पत्र में स्तम्भ योजना।

(iv) फोटो पत्रकारिता।

(v) इंटरनेट की पत्रकारिता।

(vi) भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार।

(vii) प्रसार भारती।

6. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं बीस के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) किसी एक बाल-पत्रिका का नाम लिखिए।

(ii) भारत में प्रेस की स्थापना कब हुई ?

(iii) हिन्दी का पहला पत्र कौन-सा था ?

(iv) वाकयानवीस का अर्थ बताइए।

(v) 'संवाद-कौमुदी' पत्रिका के सम्पादक-संस्थापक कौन थे ?

(vi) 'बंगवासिनी' पत्रिका के सम्पादक कौन थे ?

(vii) समाचार में लीड का अर्थ क्या है ?

(viii) प्रमुख शीर्षक का अन्य नाम बताइए।

(ix) समाचार-पत्र का 'अज्ञात योद्धा' कौन होता है ?

(x) प्रूफ रीडिंग क्या है ?

(xi) समाचार शीर्षक के नीचे दी जाने वाली लाइन को क्या कहते हैं ?





(xii) मुफस्सिल संवाददाता से आप क्या समझते हैं ?

(xiii) पाठक किस पृष्ठ को पढ़कर समाचार-पत्र के विषय में धारणा बनाते हैं ?

(xiv) पी. टी. आई. का पूर्ण रूप लिखिए।

(xv) अग्रलेख क्या है ?

(xvi) 'सरस्वती' पत्रिका के संस्थापक कौन थे ?

(xvii) गांधीजी द्वारा संपादित प्रमुख पत्र का नाम लिखिए।

(xviii) छत्तीसगढ़ के किसी प्रसिद्ध पत्रकार का नाम लिखिए।

(xix) भारत में इंटरनेट सेवा कब प्रारम्भ हुई ?

(xx) भारत में दूरदर्शन की स्थापना कब हुई ?

(xxi) एक खेल पत्रिका का नाम लिखिए।

(xxii) वेबसाइट क्या है ?

(xxiii) भारत में पहला मुद्रणालय कहाँ स्थापित हुआ ?

(xxiv) 'प्रिंटर्स डेविल' किसे कहते हैं ?

(xxv) सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ ?